


खौफ का दूसरा नाम रहे शोएब अख्तर

रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हुए अख्तर जब अपनी लय में होते थे, तो वह किसी भी बल्लेबाज के लिए खौफ का दूसरा नाम माने जाते थे। हालांकि अख्तर का नाम हर बार उनके खेल के कारण ही सुर्खियों में नहीं रहा बल्कि विवादों के साथ उनका नाता चोली–दामन की तरह रहा।

## हैपी बर्थडेः रफ्तार और विवाद का दूसरा नाम शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 13 अगस्त 1975 यानी 45 साल पहले आज ही के दिन दुनिया के सबसे फास्ट बोलर शोएब अख्तर (ैवंपइ ।ाीजंत) का रावलपिंडी में जन्म हुआ था। क्रिकेट की दुनिया को अपनी फास्ट बोलिंग से थर्राने वाले अख्तर ने क्रिकेट मैदान पर कई कीर्तिमान अपने नाम किए। उन्होंने अपने करियर में दो बार 160 किलोमीटर प्रतिघंटे (100उची) की रफ्तार से ज्यादा गति के बॉल फेंकीं। हालांकि अधिकारिक तौर पर अख्तर की इस स्पीड को दर्ज नहीं किया गया। शोएब अपने करियर में कई बार वह साथी खिलाड़ियों से भी भिड़ते नजर आए और क्रिकेट अथॉरिटीज के साथ भी उनकी नोंकझोंक चलती रही। अपने करियर में अपने खेल से ज्यादा वह चोट और विवादों के कारण ही सुर्खियों में रहे। साल 2006 में उन पर ड्रग्स के आरोप भी लगे और एक साल बाद साथी खिलाड़ी मोहम्मद आसिफ के साथ वह झगड़े के चलते सुर्खियों में खूब रहे। इस सुपरफास्ट बोलर के तेज बोलिंग के चलते कई जानकारों ने उनके बोलिंग ऐक्शन पर सवाल उठाए। उन पर थ्रो बोलिंग का संदेह भी हुआ और इसके चलते उन्हें अपने बोलिंग ऐक्शन में बदलाव करना पड़ा।

# जब भारतीय मेहमान नवाजी के प्रशंसक हुए इंजमाम–उल–हक

क्रिकेट

## हमारा भारत में अच्छी तरह रखा जाता था ख्याल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम–उल–हक ने साल 2004 के भारत के खिलाफ कोलकाता में हुए मुकाबले के लिए पाकिस्तानी टीम को मिली मेहमान–नवाजी याद किया है। इंजमाम ने कहा है कि उस मैच को लेकर दर्शकों का उत्साह देखने वाला था।

अपने यूट्यूब चैनल पर इंजमाम ने कहा कि उस मैच से दो–तीन दिन पहले जब हम प्रैक्टिस के लिए भी जाते थे तो ईडन गार्डंस में 15–20 हजार लोग हमें देखने आते थे। पाकिस्तान ने उस मैच में भारत को छह विकेट से हराया था। यह मुकाबला 13 नवंबर 2004 को बीसीसीआई की 75वीं सालगिरह के मौके पर खेला गया था। इंजमाम ने कहा कि यह रमजान के दिन थे और टीम के अधिकतर खिलाड़ियों ने रोजा रखा हुआ था। उन्होंने




कहा, हमारी प्रैक्टिस शाम को होती थी। हमारे लगभग सभी लड़के रोजा रखते थे। हम ऐसे समय पर प्रैक्टिस करते थे कि ताकि मगरिब (शाम की नमाज) का वक्त हो जाए और प्रैक्टिस के बाद हमें ज्यादा देर इंतजार न करना पड़े।

उन्होंने कहा, वहां हमारे इफ्तार का बहुत शानदार इंतजाम होता था। दो–तीन जितने दिन हमने प्रैक्टिस की इस बात बहुत ख्याल करते थे कि हमें कोई परेशान न हो। पानी का बहुत ख्याल करते थे।

उन्होंने कहा कि भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच आज क्रिकेट नहीं हो रहा लेकिन हमारा वहां अच्छी तरह ख्याल रखा जाता था। लोग हमारा किस तरह सम्मान करते थे। या फिर जब भारतीय टीम पाकिस्तान आती थी तो उनका कैसे ख्याल रखा जाता था।

उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह खुशी की बात है कि उन्होंने अपनी प्लैटिनम जुबली के लिए किसी दूसरी टीम को नहीं बल्कि हमें बुलाया। इंजमाम ने कहा कि हम ईद के दिन जब मैच जीतकर लौटे तो स्टेडियम पर हमारी उम्मीद के उलट बड़ी संख्या में लोग हमारा स्वागत करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि ईद पर लोग एयरपोर्ट पहुंचेंगे। भारत ने उस मैच में वीरेंदर सहवाग और युवराज सिंह की हाफ संचुरी की मदद से 6 विकेट पर 292 रन बनाए। हालांकि जवाब में पाकिस्तान ने सलमान बट की नाबाद संचुरी (108) और शोएब मलिक के तेज 61 और इंजमाम की रन ए बॉल 75 रन की बदौलत एक ओवर बाकी रहते यह ट्रॉफी जीत ली थी।

# इरफान की बोलिंग देखकर कोहली ने गाली देकर पूछा था–यह कैसा बोलर है?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान अपनी फास्ट बोलिंग से ज्यादा अपनी हाइट को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। 7 फीट 1 इंच लंबे इस तेज गेंदबाज ने अपने पहले भारत दौरे को याद किया है, जब उनकी पेस देखकर टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान विराट कोहली भी हैरान रह गए थे। उनकी रफ्तार देखकर विराट के मुंह से गाली निकल गई थी।

करियर की शुरुआत में तब मोहम्मद इरफान को श्मीडियम पेसरश के रूप में जाना जाता था। लेकिन उस वक्त वह 145 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से लगातार बोलिंग करते थे। इरफान जब भारत दौरे पर पाकिस्तान

### इरफान की 150 के करीब स्पीड देखकर चौंके थे विराट कोहली

टीम के साथ आए थे, तो भारतीय बल्लेबाजों को उनकी बोलिंग के बारे में भारतीय कोच ने यही बताया था कि यह गेंदबाज 130–135 की रफ्तार से बोलिंग करता है।

हाल ही में मोहम्मद इरफान स्पोर्ट्स ऐंकर सवेरा पाशा के यूट्यूब शो क्रिककास्ट में रू–ब–रू हुए। इस शो में इरफान ने अपने भारत दौरे को याद किया है। उन्होंने बताया, जब उन्होंने पहली बार भारत का दौरा किया था, तब भारतीय कोचों ने अपने खिलाड़ियों को मेरी स्पीड के बारे में बताया था कि मैं 130–135 की गति से बॉल फेंकता हूं। यहां तक कि विराट कोहली ने मुझे खुद बताया था कि उनके कोच ने उन्हें यही बताया था कि मैं 130–135 वाला बोलर हूं।

38 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने बताया, भारत में जब मैं अपना पहला ओवर कर रहा था, तब विराट कोहली पैड पहनकर ड्रेसिंग रूम में बैठे हुए थे। उन्होंने देखा कि पहली ही बॉल मैंने 145–146 की रफ्तार से फेंकी। तब उन्होंने सोचा कि शायद स्पीड गन के साथ कोई दिक्कत है। इसके बाद अगली गेंद मैंने 147 पर फेंकी, तब उन्होंने अपने साथ बैठे कोच से पूछा कि उन्होंने मेरी स्पीड के बारे में उन्हें झूठ बताया है या फिर स्पीड गन के साथ कोई दिक्कत है। इस 7 फीट 1 इंच लंबे तेज गेंदबाज ने कहा, विराट ने यह बात मुझे फेस टू फेस बताई।

## निजी कारणों से सीपीएल 2020 से हटे रामनरेश सरवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बारबाडोस। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) फ्रेंचाइजी जमैका तलावास के सहायक कोच रामनरेश सरवन व्यक्तिगत कारणों से लीग के इस सीजन हट गए हैं। सरवन की अनुपस्थिति में वेस्टइंडीज के पूर्व स्पिनर रयान ऑस्टिन को जमैका तलावाज का सहायक कोच नियुक्त किया गया है। जमैका तलावास के सीईओ जेफ मिलर ने त्रिनिदाद न्यूजडे से कहा, 'सरवन ने निजी काम के लिए छुट्टी मांगी, जिसे मंजूर कर लिया गया है। सरवन की वजह से काफी फायदा मिलता है। उनके पास जो अनुभव और जानकारी है और जिस तरह से इतने सालों तक उन्होंने क्रिकेटरों को अहम सलाह दी, उन सभी चीजों का इस सीजन हमें नुकसान होगा।'

18 अगस्त से शुरू होने वाली लीग के इस सीजन में 33 मैच खेले जाएंगे। केवल दो ही स्टेडियम पूरे टूर्नामेंट में मैचों की मेजबानी करेंगी। सीपीएल 2020 में तालावास की टीम को अपना पहला मुकाबला 19 अगस्त को सेंट लूसिया जोकस के खिलाफ खेलना हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही सरवन एक विवाद में फंस गए थे। क्रिस गेल ने सरवन पर गंभीर आरोप लगाए थे।

## न्यूज डायरी




### पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव को बेकार मत जाने दीजिए: राहुल द्रविड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का कहना है कि पूर्व खिलाड़ियों को जितना हो सके उतना अधिक राज्य टीम में इस्तेमाल करना चाहिए। बीसीसीआई द्वारा आयोजित सभी राज्य इकाईयों के लिए आयोजित वेबीनार में नैशनल क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष द्रविड़ ने यह बात कही। विभिन्न राज्य यूनिट्स के सचिव और ऑपरेशंस हेड इस वेबीनार का हिस्सा थे। इसमें बीसीसीआई–एनसीए के एजुकेशन अध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर (पूर्व भारतीय वनडे सलामी बल्लेबाज) और ट्रेनर आशीष कौशिक भी शामिल थे। इस वेबीनार में मुख्य रूप से फिटनेस डाटा कलेक्शन और कोविड–19 के दौर में फिटनेस ट्रेनिंग को चालू करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। द्रविड़ ने इस बीच प्रशासकों का ध्यान कई परिस्थितियों और मुश्किल वक्त में काम करने के तरीकों की ओर दिलाया। अगर हम उन्हें क्रिकेटिंग सेटअप में शामिल कर सकें तो उनका अनुभव और विशेषज्ञता बेकार नहीं जाएगी।

### कोरोना वायरस से पूरी तरह उबरे करुण नायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज करुण नायर कोरोना वायरस से पूरी तरह उबर गए हैं। वह अब अगले हफ्ते किंग्स इलेवन पंजाब के साथ यूएई जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। करुण पहले कोरोना वायरस पॉजिटिव आए थे लेकिन 8 अगस्त को हुई जांच नेगेटिव आई है। नायर दो सप्ताह तक सेल्फ–आइसोलेशन में रहे। इसके बाद वह टेस्ट में नेगेटिव आए। नायर को अब तीन और टेस्ट से गुजरना होगा। किंग्स इलेवन के टीम प्रबंधन ने यूएई जाने से पहले यह प्रोटोकॉल तय किया है। इसमें सभी खिलाड़ियों और सपॉर्ट स्टाफ को तीन बार कोरोना टेस्ट से गुजरना पड़ेगा। केवल वही खिलाड़ी 20 अगस्त को टीम के साथ यूएई जाएंगे जो कोरोना टेस्ट में पास होंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार नायर बेंगलुरु से एक चार्टर फ्लाइट में चंद लोगों के साथ बैठकर पहले दिल्ली जाएंगे और फिर वहां से उनके साथ और खिलाड़ी जुड़ेंगे।

### चेन्नै सुपर किंग्स के 6 दिन के कंडीशनिंग कैंप का हिस्सा नहीं होंगे रविंद्र जडेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा चेन्नै सुपर किंग्स के छह दिन के आईपीएल कंडीशनिंग कैंप का हिस्सा नहीं होंगे। यह कैंप 15 से 20 अगस्त के बीच चेन्नै में लगना है। बड़े भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ जडेजा ही इस कैंप में शामिल नहीं होंगे जिसमें महेंद्र सिंह धोनी, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, अंबाती रायुडु जैसे नाम भाग लेंगे। आईपीएल 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच यूएई में खेला जाएगा। चेन्नै सुपर किंग्स के चीफ ऐग्जिक्यूटिव ऑफिसर कासी विश्वनाथन ने कहा, श्उनकी कुछ निजी प्रतिबद्धताएं हैं। लेकिन जडेजा 21 अगस्त को दुबई की फ्लाइट पकड़ने के लिए वक्त से पहले चेन्नै पहुंच जाएंगे। कैंप का फोकस मुख्य रूप से फिटनेस पर रहेगा। इसके साथ ही क्रिकेटीय ट्रेनिंग भी होगी। विश्वनाथन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने सुपर किंग्स को एमए चिदंबरम स्टेडियम में कैंप करने की लिखित इजाजत दी है। यह ट्रेनिंग खाली स्टेडियम में होगी।

### पाकिस्तान ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी, 11 साल बाद फवाद की वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से साउथैम्पटन में शुरू होने जा रहा है। पाकिस्तान के कप्तान अजहर अली ने लगातार दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। पाकिस्तानी बल्लेबाज फवाद आलम को 11 साल बाद टेस्ट प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई है। साल 2009 में आखिरी बार उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। इंग्लैंड की टीम में भी दो बदलाव किए गए हैं। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्जर की जगह इस मैच में जैक क्राउले और सैम कुर्रन को जगह दी गई है। स्टोक्स ने पिछले दिनों निजी कारणों से सीरीज से नाम वापस लिया था।